# विवरणिका




**संपादक की कलम से...** — 5
*क्योंकि बाहर और भीतर की सफाई होते रहना ज़रूरी है...*

**आगामी परीक्षाएँ** — 7

**परीक्षा की रणनीति** — 9
*RAS/RTS साक्षात्कार*

**फटाफट न्यूज़** — 11

**करेंट अफेयर्स** — 13
- *राजस्थान घटनाक्रम (13)*
- *राष्ट्रीय घटनाक्रम (15)*
- *अंतर्राष्ट्रीय घटनाक्रम (17)*
- *संवैधानिक/प्रशासनिक घटनाक्रम (17)*
- *भारत एवं विश्व (18)*
- *आर्थिक घटनाक्रम (18)*
- *विज्ञान-प्रौद्योगिकी एवं रक्षा/प्रतिरक्षा (20)*
- *पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी (21)*
- *संक्षिप्तियाँ (22)*
- *करेंट अफेयर्स टेस्ट (30)*

**सुजस पॉइंटर** — 33
*राजस्थान सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित मासिक पत्रिका 'सुजस' (फरवरी, 2021) के प्रमुख अंश*

**राजस्थान : एक झलक** — 35
*(सामान्य परिचय)*

**एग्ज़ाम पॉइंटर** — 51
*(सभी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये विषयवार महत्त्वपूर्ण तथ्यों का संकलन)*

**सामान्य हिन्दी** — 57
*समास एवं उनके भेद*

**General English** — 59
*Subject-Verb Agreement (Part-1)*

**बेसिक मैथ्स** — 61
*सरलीकरण*

**बेसिक रीज़निंग** — 64
*वर्गीकरण एवं सादृश्यता*

**सॉल्व्ड पेपर** — 67
- *प्रवक्ता (तकनीकी शिक्षा विभाग) परीक्षा-2020 (67)*
- *शीघ्रलिपिक (Stenographer) संयुक्त सीधी भर्ती परीक्षा-2018 (75)*

**मॉडल पेपर** — 85
- *पटवार सीधी भर्ती परीक्षा-2019 (85)*
- *राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा (REET)-2021 (95)*

**GK पॉइंटर** — 103
*वह कोना जहाँ से एकदिवसीय परीक्षाओं में अक्सर प्रश्न पूछे जाते हैं...*

**कौन/क्या/कहाँ ?** — 104

# आगामी परीक्षाएँ

| परीक्षा का नाम | आयोग/बोर्ड | कुल पद | चयन प्रक्रिया (प्रारूप/प्रणाली) | आगामी परीक्षा प्रारूप | परीक्षा/परीक्षण तिथि (घोषित/संभावित) |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएँ संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा-2018 | RPSC | 1014 | प्रारंभिक परीक्षा, मुख्य परीक्षा एवं साक्षात्कार | साक्षात्कार | 23/03/2021 से 07/05/2021 तक |
| **पटवार सीधी भर्ती परीक्षा-2019** | **RSMSSB** | **4421** | **लिखित (वस्तुनिष्ठ) परीक्षा** | **लिखित (वस्तुनिष्ठ)** | **अप्रैल-मई, 2021** |
| **राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा (आरईईटी)-2021** | **RBSE** | **निर्धारित नहीं** | **लिखित (वस्तुनिष्ठ) परीक्षा-प्रथम स्तर (कक्षा 1 से 5), द्वितीय स्तर (कक्षा 6 से 8)** | **लिखित (वस्तुनिष्ठ)** | **25/04/2021** |
| सहायक आचार्य (कॉलेज शिक्षा विभाग) प्रतियोगी परीक्षा-2020 | RPSC | 918 | लिखित (वस्तुनिष्ठ) परीक्षा एवं साक्षात्कार | लिखित (वस्तुनिष्ठ) | अभी निर्धारित नहीं |
| सहायक परीक्षण अधिकारी एवं अधीक्षक उद्यान संवीक्षा परीक्षा-2021 | RPSC | 5 | लिखित (वस्तुनिष्ठ) परीक्षा, एवं साक्षात्कार | लिखित (वस्तुनिष्ठ) | अभी निर्धारित नहीं |
| राजस्थान सहकारी उपभोक्ता होलसेल भंडार और क्रय-विक्रय सहकारी समिति क्लर्क/जूनियर असिस्टेंट परीक्षा-2021 | CRB, Rajasthan | 389 | लिखित (वस्तुनिष्ठ) परीक्षा | लिखित (वस्तुनिष्ठ) | अभी निर्धारित नहीं |
| सब-इंस्पेक्टर एवं प्लाटून कमांडर परीक्षा-2021 | RPSC | 857 | लिखित (वस्तुनिष्ठ) परीक्षा, शारीरिक दक्षता परीक्षा एवं साक्षात्कार | लिखित (वस्तुनिष्ठ) | अभी निर्धारित नहीं |
| कृषि पर्यवेक्षक सीधी भर्ती परीक्षा-2021 | RSMSSB | 882 | लिखित (वस्तुनिष्ठ) परीक्षा | लिखित (वस्तुनिष्ठ) | अभी निर्धारित नहीं |
| राजस्थान हाईकोर्ट (कैडर डिस्ट्रिक्ट जज) भर्ती, 2020 | HCRAJ | 85 | प्रारंभिक परीक्षा, मुख्य परीक्षा एवं साक्षात्कार | प्रारंभिक (वस्तुनिष्ठ) | अभी निर्धारित नहीं |
| *राजस्थान हाईकोर्ट (कनिष्ठ न्यायिक सहायक एवं लिपिक ग्रेड-द्वितीय) संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा-2020 | HCRAJ | 1760 | लिखित (वस्तुनिष्ठ) परीक्षा एवं टाईपिंग टेस्ट | लिखित (वस्तुनिष्ठ) | अभी निर्धारित नहीं |
| वनपाल एवं वनरक्षक भर्ती परीक्षा-2020 | RSMSSB | 1128 | लिखित (वस्तुनिष्ठ) परीक्षा एवं साक्षात्कार | लिखित (वस्तुनिष्ठ) | अभी निर्धारित नहीं |

**RPSC-** Rajasthan Public Service Commission.
**RSMSSB -** Rajasthan Subordinate and Ministerial Services Selection Board.
**RBSE -** Rajasthan Board of Secondary Education.
**HCRAJ -** High Court of Rajasthan.
**CRB-** The Cooperative Recruitment Board, Rajasthan.

*राजस्थान उच्च न्यायालय में कनिष्ठ न्यायिक सहायक, राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण व ज़िला विधिक सेवा प्राधिकरणों में कनिष्ठ सहायक तथा राजस्थान राज्य न्यायिक अकादमी व राजस्थान के ज़िला न्यायालयों में लिपिक ग्रेड-द्वितीय के रिक्त पदों पर सीधी भर्ती हेतु संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा, 2020।

**नोटः- परीक्षा तिथि एवं पदों की संख्या में आयोग द्वारा परिवर्तन किया जा सकता है।** ❑❑❑

# फटाफट न्यूज़

- 23 मार्च, 2021 को राजस्थान की वह सुपर क्रिटिकल थर्मल तापीय विद्युत परियोजना, जिसकी 660 मेगावाट क्षमता की इकाई-8 को सफलतापूर्वक कोयले पर सिन्क्रोनाइट कर विद्युत उत्पादन प्रारंभ किया गया- **सूरतगढ़ सुपर क्रिटिकल तापीय विद्युत परियोजना (श्रीगंगानगर)**
- राजस्थान का वह शहर, जहाँ पर पहली बार 20-22 मार्च, 2021 तक तीन-दिवसीय 'शेखावाटी उत्सव-2021' का आयोजन किया गया- **लक्ष्मणगढ़ (सीकर)**
- हाल ही में राज्य में चल रही प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के द्वितीय चरण में ग्रामीण विकास मंत्रालय एवं भारत सरकार द्वारा जारी प्रगति रिपोर्ट के अनुसार परफॉर्मेंस रैंकिंग में देश भर में राजस्थान का स्थान रहा है- **प्रथम**
- राजस्थान के खिलाड़ी, जिन्होंने 22 मार्च, 2021 को डॉ. करणी सिंह शूटिंग रेंज में आयोजित आईएसएसएफ शूटिंग वर्ल्डकप-2021 में इलावेनिल वलारिवन के साथ 10 मीटर एयर राइफल मिक्स्ड टीम में स्वर्ण पदक प्राप्त किया- **दिव्यांश सिंह पंवार (जयपुर)**
- राजस्थान के वह राज्यसभा सांसद, जिन्होंने 19 मार्च को राज्यसभा में ईस्टर्न राजस्थान कैनाल परियोजना को राष्ट्रीय परियोजना घोषित करने की मांग की- **नीरज डांगी**
- राजस्थान के 205 कोबरा सीआरपीएफ के वह इंस्पेक्टर, जिन्हें 17 मार्च, 2021 को सीआरपीएफ के स्थापना दिवस पर 'राष्ट्रपति वीरता पुरस्कार' से सम्मानित किया गया-**दौलत खान (लक्ष्मणगढ़, अलवर)**
- राजस्थान की वह क्रिकेट खिलाड़ी, जो हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 10,000 रन बनाने वाली भारत की पहली महिला क्रिकेटर बन गई हैं- **मिताली राज (जोधपुर)**
- पूर्व मिस राजस्थान एवं जयपुर की सामाजिक कार्यकर्त्ता, जिन्हें राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु शुरू किये गए 'राजस्थान टूरिज्म ऐप' का ब्रांड एंबेसडर बनाया गया है- **करिश्मा हाड़ा**
- राजस्थान के वह ख्यातनाम मांगणियार समाज के अंतर्राष्ट्रीय लोक कलाकार, जिनका 13 मार्च, 2021 को निधन हो गया- **दपू खान (जैसलमेर)**
- 12 मार्च, 2021 को ऐतिहासिक दांडी मार्च का 91वाँ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जयपुर में पैदल मार्च का नेतृत्व किया- **मुख्यमंत्री अशोक गहलोत**
- राज्य का वह क्षेत्र, जहाँ 105-105 मेगावाट के दो विंड पॉवर प्लांट को हाल ही में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा मंज़ूरी दी गई है-**शिव (बाड़मेर)**
- राजस्थान का वह शहर, जहाँ पर राजस्थान स्टेट गैस लिमिटेड (आरएसजीएल) द्वारा घरेलू गैस की 141 किमी. पाइपलाइन बिछाने और 8 हज़ार नए कनेक्शन जारी करने का निर्णय लिया गया है- **कोटा**
- हाल ही में, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जीवन मूल्यों एवं सिद्धांतों से विद्यार्थियों को रूबरू करवाने के लिये किस परीक्षा के आयोजन हेतु एक उपसमिति गठित करने का निर्देश दिया गया है- **सर्वोदय विचार परीक्षा**
- राजस्थान की वह महिला, जिन्हें हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर 'प्राइड ऑफ द एक्सीलेंस अवॉर्ड-2021' से सम्मानित किया गया- **डॉ. कृति भारती**
- राजस्थान के वह व्यक्ति, जिन्हें हाल ही में इंडियन साइकियाट्रिक सोसायटी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी द्वारा मेंटल हेल्थ पॉलिसी की टास्क फोर्स का एडवाइजर नियुक्त किया गया है- **डॉ.आर.के. सोलंकी**
- राजस्थान पत्रिका समूह के वह प्रधान संपादक, जिनकी किताब 'मानस: अवर बिहेवियर (टुथ/अनुटुथ)' का विमोचन जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल में किया गया- **गुलाब कोठारी**
- राजस्थान का वह शहर, जहाँ टूरिज्म को बढ़ावा देने हेतु हाल ही में 'ढोलामारू टूरिस्ट कॉम्प्लेक्स' बनाने की घोषणा की गई है- **जैसलमेर**
- राजस्थान का वह ज़िला, जहाँ पर पत्रकारों का महाकुंभ कहे जाने वाले राष्ट्रीय यूनियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन का दो-दिवसीय (13-14 मार्च, 2021) राष्ट्रीय अधिवेशन आयोजित किया गया- **दौसा**
- हाल ही में डेयरी क्षेत्र में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित करने के लिये राजस्थान सरकार द्वारा किस देश के राजदूत के साथ चर्चा की गई है- **डेनमार्क**
- हाल ही में राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा राज्य बजट भाषण के दौरान कहाँ पर ज़िले का पहला कृषि महाविद्यालय खोलने की घोषणा की गई- **बायतु (बाड़मेर)**
- वह राज्य, जिसने कोरोना से बचाव के लिये 3-डी तकनीक से युक्त देश का पहला मास्क बनाया- **राजस्थान**
- राजस्थान की वह महिला खिलाड़ी, जिनका भारतीय महिला क्रिकेट की एकदिवसीय टीम में चयन हुआ है- **प्रिया पूनिया (चूरू)**
- राज्य में बालक-बालिकाओं के अधिकारों के लिये काम करने और उनके संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस क्षेत्र से जुड़े लोगों को प्रोत्साहित करने हेतु राज्य सरकार द्वारा जिस पुरस्कार को दिये जाने का निर्णय लिया गया है, वह है- **नेहरू बाल संरक्षण पुरस्कार**
- वर्ष 2019 में पुलवामा हमले में शहीद हुए राजस्थान के हाड़ौती संभाग के वह वीर सपूत व जांबाज सिपाही, जिनकी प्रतिमा का अनावरण लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा किया गया- **हेमराज मीणा**
- राजस्थान टेबल टेनिस संघ के सचिव, जिन्हें भारतीय टेबल टेनिस संघ के द्वारा 2021-24 सत्र के लिये चीफ एक्जीक्यूटिव ऑफिसर (CEO) नियुक्त किया गया है- **धनराज चौधरी**
- हाल ही में ज़िला कबड्डी संघ के तत्वावधान में 68वीं सीनियर राज्यस्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया- **लोहागढ़ स्टेडियम (भरतपुर) में**
- राजस्थान के वे तीन स्थान, जहाँ 'राजस्थान निवेश प्रोत्साहन नीति-2019' के तहत ज़ीरो लिक्विड डिस्चार्ज (ज़ेडएलडी) प्लांट स्थापित किया जाएगा- **पाली, जोधपुर एवं बालोतरा (बाड़मेर)**

# करेंट अफेयर्स

## राजस्थान घटनाक्रम

### 30 मार्च को मनाया गया राज्य का स्थापना दिवस

- 30 मार्च, 2021 को राज्य भर में राजस्थान का स्थापना दिवस मनाया गया।
- इस अवसर पर सभी संभाग एवं ज़िला मुख्यालयों द्वारा प्रमुख राजकीय स्मारकों एवं सूचना केंद्रों पर प्रदर्शनियाँ एवं अन्य कार्यक्रम आयोजित किये गए।
- गौरतलब है कि 30 मार्च, 1949 को जोधपुर, जयपुर, जैसलमेर और बीकानेर रियासतों का विलय कर 'राजस्थान' राज्य अस्तित्व में आया।

### उद्योग रत्न, हस्तशिल्प रत्न और बुनकर रत्न पुरस्कारों की घोषणा

- 30 मार्च, 2021 को राजस्थान सरकार ने राज्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 4 उद्यमों को राजस्थान उद्योग रत्न, 1 बुनकर को राजस्थान बुनकर रत्न और 1 हस्तशिल्पी को राजस्थान हस्तशिल्प रत्न पुरस्कार दिये जाने की घोषणा की।
- उद्योग रत्न पुरस्कारों में टर्नओवर में उत्कृष्ट वृद्धि के लिये सूक्ष्म उद्यम श्रेणी में जयपुर की हैंडीक्राफ्ट विला, लघु उद्यम श्रेणी में हनुमानगढ़ की एस.एस. ब्लो केम प्रा. लि., श्रेष्ठ व्यावसायिक व्यवहार हेतु लघु उद्यम श्रेणी में जोधपुर की सोमी कन्वेयर बेल्टिंग्स लि. को यह पुरस्कार दिया जाएगा।
- गंगा सिंह गौतम (दौसा) को राजस्थान बुनकर रत्न एवं बाबूलाल मारोटिया (जयपुर) को राजस्थान हस्तशिल्प रत्न के लिये चयनित किया गया है।

### राज्यस्तरीय तीरंदाज़ी प्रतियोगिता

- 24-25 मार्च, 2021 को राज्यस्तरीय तीरंदाज़ी प्रतियोगिता का आयोजन एम.एस. कवाड़ इंटरनेशनल स्कूल, पाली में किया गया।
- प्रतियोगिता में बीकानेर के खिलाड़ियों ने 6 गोल्ड मेडल प्राप्त कर प्रथम स्थान जयपुर के खिलाड़ियों ने 4 गोल्ड मेडल प्राप्त कर दूसरा तथा अलवर के खिलाड़ियों ने 2 गोल्ड मेडल जीतकर तीसरा स्थान हासिल किया है।
- प्रतियोगिता में नागौर ने तीन ब्रॉन्ज मेडल, बीकानेर एवं गंगानगर ने दो-दो ब्रॉन्ज मेडल तथा जोधपुर, सवाई माधोपुर, अलवर, सीकर एवं जयपुर ने एक-एक ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किया।

### राजस्थान का पहला पलाश पुष्पन उत्सव-2021

- 21 मार्च, 2021 को विश्व वानिकी दिवस के अवसर पर राज्य में पहली बार पलाश पुष्पन उत्सव मनाया गया।
- इस महोत्सव का मुख्य आयोजन उदयपुर शहर से 15 किमी. दूर अहमदाबाद मार्ग स्थित ग्राम पंचायत देवाली ग्रामीण के किरोड़ा (दईमाता) स्थित पलाश कुंज के वन खंड समर में हुआ।
- राजस्थान में यह आयोजन जापान और यूएस में चेरी के फूलों के खिलने के बाद मनाए जाने वाले 'चेरी ब्लॉसम फेस्टिवल' की तर्ज़ पर किया गया।
- गौरतलब है कि अरावली क्षेत्र में खिलने वाले पलाश के फूल को 'फ्लेम ऑफ द फॉरेस्ट' कहा जाता है।

### राजस्थान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (RIFF-2021)

- 20-24 मार्च, 2021 को 'रिफ फिल्म क्लब' द्वारा आयोजित एवं 'फेडरेशन ऑफ फिल्म सोसाइटीज ऑफ इंडिया' द्वारा मान्यता प्राप्त 'राजस्थान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल-2021' के 7वें संस्करण का आयोजन जोधपुर में किया गया।
- यह फेस्टिवल 'सिनेमा में संगीत' थीम के तहत आयोजित किया गया।
- गौरतलब है कि पहली बार इस फेस्टिवल का आयोजन जोधपुर में किया गया, जबकि इससे पहले छह बार इस फेस्टिवल का आयोजन जयपुर में किया गया था।

### इंटरनेशनल गुडविल सोसायटी का 32वाँ अधिवेशन

- 20 मार्च, 2021 को इंटरनेशनल गुडविल सोसायटी के 32वें राष्ट्रीय अधिवेशन का आयोजन जयपुर में किया गया।
- इस अधिवेशन में उपस्थित अतिथियों को 'कोविड-19 में अर्थव्यवस्था' विषय पर राज्यपाल कलराज मिश्र द्वारा संबोधित किया गया।
- अधिवेशन में प्रख्यात अभिनेता एवं समाजसेवी सोनू सूद को 'जस्टिस नरेंद्र सिंह स्मृति अंतर्राष्ट्रीय शांति पुरस्कार' से ऑनलाइन सम्मानित किया गया।

### वाटर स्टुअर्ड ऑफ द ईयर पुरस्कार

- 20 मार्च, 2021 को राजस्थान में माइंस, पेट्रोलियम व सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के प्रमुख शासन सचिव अजिताभ शर्मा को 'वाटर स्टुअर्ड ऑफ द ईयर' पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- शर्मा को यह पुरस्कार भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय और इलेट्स टेक्नोमीडिया द्वारा वर्चुअली आयोजित द्वितीय वार्षिक जल एवं स्वच्छता नवाचार सम्मेलन के दौरान केंद्रीय जल शक्ति राज्य मंत्री रतन लाल कटारिया द्वारा दिया गया।
- गौरतलब है कि अजिताभ शर्मा को यह पुरस्कार उनके जल संरक्षण के क्षेत्र में अनवरत् प्रयासों को ध्यान में रखते हुए दिया गया।
- उल्लेखनीय है कि शर्मा ने राजस्थान सरकार में जल संसाधन विभाग में तीन साल तक जल संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किया है।

### राजस्थान राज्य प्राकृतिक चिकित्सा विकास बोर्ड का गठन

- 19 मार्च, 2021 को 'राजस्थान राज्य प्राकृतिक चिकित्सा विकास बोर्ड' का गठन किया गया।
- इस बोर्ड का गठन राज्य में प्राकृतिक एवं योग चिकित्सा का व्यापक प्रचार-प्रसार और नियामक ढाँचा तैयार करने हेतु आयुर्वेद मंत्री डॉ. रघु शर्मा के निर्देशन में किया गया।
- इस बोर्ड में एक सदस्य सचिव, एक आयुर्वेद या प्राकृतिक चिकित्साधिकारी, एक वरिष्ठ लिपिक, एक कनिष्ठ लिपिक और एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी को नियुक्त किया जाएगा।
- गौरतलब है कि बोर्ड का कार्यालय आयुष भवन, प्रतापनगर (जयपुर) में होगा।

34. हाल ही में सिपरी द्वारा हथियारों के आयात-निर्यात पर जारी रिपोर्ट के अनुसार विश्व का सबसे बड़ा हथियार आयातक देश है-
(1) भारत (2) पाकिस्तान
(3) सऊदी अरब (4) उत्तर कोरिया

35. वह साहित्यकार, जिन्हें हाल ही में राजस्थानी भाषा के लिये बाल साहित्य पुरस्कार-2020 दिये जाने की घोषणा की गई-
(1) टी.रविकांत (2) शिखर अग्रवाल
(3) डॉ. मंगत बादल (4) वीनू गुप्ता

36. मानव-हाथी संघर्ष को रोकने हेतु प्रारंभ 'री-हैब' कार्यक्रम में किस अनूठी पद्धति का प्रयोग किया जाएगा?
(1) हाथी गलियारे का विकास (2) क्रॉसिंग ओवर ब्रिज
(3) मधुमक्खी-बाड़ (4) गड्ढों का निर्माण

37. पारादीप प्लास्टिक पार्क का विकास ओडिशा इंडस्ट्रियल इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन द्वारा किस सार्वजनिक कंपनी के सहयोग से किया जा रहा है?
(1) ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉर्पोरेशन
(2) इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड
(3) भारत इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड
(4) गेल इंडिया

38. हाल ही में भारत सरकार ने भारत को रैखिक अर्थव्यवस्था से वृत्तीय अर्थव्यवस्था में बदलने के लिये कितने फोकस क्षेत्रों का चयन किया है?
(1) 10 (2) 11
(3) 12 (4) 13

39. हाल ही में निर्मित भारत-बांग्लादेश मैत्री सेतु किस नदी पर बना हुआ है?
(1) तीस्ता (2) मेघना
(3) मेची (4) फेनी

40. केंद्र सरकार के जलशक्ति मंत्रालय द्वारा स्वच्छ आइकॉनिक स्थल के चौथे चरण के तहत चयनित 12 प्रतिष्ठित आइकॉनिक स्थलों में निम्नलिखित में से राजस्थान का कौन-सा स्थल शामिल नहीं है?
(1) कुंभलगढ़ का किला (2) जैसलमेर का किला
(3) रामदेवरा (4) हवामहल

41. 'राष्ट्रीय नदी संरक्षण योजना' के तहत हाल ही में नागपुर शहर की किस नदी हेतु नदी प्रदूषण नियंत्रण परियोजना चलाई जा रही है?
(1) वर्धा (2) वेन गंगा
(3) पेंच (4) नाग

42. 67वाँ राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार में सर्वश्रेष्ठ हिन्दी का पुरस्कार किस फिल्म को मिला है?
(1) छिछोरे (2) छपाक
(3) थप्पड़ (4) अंग्रेज़ी मीडियम

43. मार्च, 2021 में संपन्न हुई रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज़ का खिताब किस टीम ने जीता?
(1) श्रीलंका लीजेंड्स (2) वेस्टइंडीज़ लीजेंड्स
(3) इंग्लैंड लीजेंड्स (4) इंडिया लीजेंड्स

44. हाल ही में डिजिटल विश्वविद्यालय शुरू करने वाला देश का पहला राज्य है-
(1) आंध्र प्रदेश (2) केरल
(3) मध्य प्रदेश (4) उत्तर प्रदेश

45. केंद्रीय आवास एवं शहरी मंत्रालय की ओर से ज़ारी 'ईज़ ऑफ लिविंग इंडेक्स-2020' में राजस्थान के वे कौन-से ज़िले हैं, जिन्हें 10 लाख से अधिक आबादी के शहरों वाली श्रेणी में सम्मिलित किया गया है?
(1) जैसलमेर, बीकानेर, अजमेर (2) जोधपुर, जयपुर, कोटा
(3) जयपुर, अलवर, भरतपुर (4) कोटा, बारां, बूंदी

46. हाल ही में 30वाँ बिहारी पुरस्कार किसे प्रदान किया गया है?
(1) मोहन कृष्ण बोहरा (2) हरीश मीनाश्रु
(3) अरुंधति सुब्रमण्यम (4) ज्ञान सिंह

47. हाल ही में कैंब्रिज एनर्जी रिसर्च एसोसिएट्स वीक (CERA Week) का 'ग्लोबल एनर्जी एंड एनवायरनमेंट लीडरशिप अवॉर्ड' किसे प्रदान किया गया है?
(1) व्लादिमीर पुतिन (2) जुसेपी कोंटे
(3) नरेंद्र मोदी (4) इमैनुएल मैक्रॉन

48. हाल ही में भारतीय रिज़र्व बैंक ने किस बैंक को प्राम्ट करेक्टिव एक्शन (पीसीए) फ्रेमवर्क से बाहर कर दिया है?
(1) आईडीबीआई बैंक (2) एचडीएफसी बैंक
(3) भारतीय स्टेट बैंक (4) आईसीआईसीआई बैंक

49. हाल ही में किस देश ने सार्वजनिक जगहों पर बुर्का पहनने पर रोक लगा दी है?
(1) ऑस्ट्रेलिया (2) स्विट्ज़रलैंड
(3) इज़राइल (4) पाकिस्तान

50. हाल ही में के.के. बिड़ला फाउंडेशन द्वारा 2020 का व्यास सम्मान किसे दिया गया है?
(1) शरद पगारे (2) एम.वीरप्पा मोइली
(3) अनामिका (4) महेंद्र चंद्र शर्मा गौतम

## उत्तरमाला

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (3) | 2. (2) | 3. (2) | 4. (3) | 5. (3) | 6. (1) | 7. (1) | 8. (2) | 9. (4) | 10. (1) |
| 11. (1) | 12. (2) | 13. (2) | 14. (3) | 15. (2) | 16. (2) | 17. (1) | 18. (2) | 19. (3) | 20. (1) |
| 21. (3) | 22. (1) | 23. (1) | 24. (3) | 25. (3) | 26. (3) | 27. (3) | 28. (1) | 29. (4) | 30. (1) |
| 31. (3) | 32. (4) | 33. (2) | 34. (3) | 35. (3) | 36. (3) | 37. (2) | 38. (2) | 39. (4) | 40. (4) |
| 41. (4) | 42. (1) | 43. (4) | 44. (2) | 45. (2) | 46. (1) | 47. (3) | 48. (1) | 49. (2) | 50. (1) |

# सॉल्व्ड पेपर

## प्रवक्ता (तकनीकी शिक्षा विभाग) परीक्षा–2020

**(परीक्षा तिथि: 12 मार्च, 2021)**

**समय: 3 : 00 घंटे** | **कुल प्रश्न: 100**

**ऋणात्मक अंकन: 1/3** | **अधिकतम अंक: 50**

1. वर्ष 2017-18 में राजस्थान का वानिकी के अंतर्गत क्षेत्रफल, राज्य के कुल प्रतिवेदित क्षेत्रफल का __________ प्रतिशत था।
(1) 4.88 (2) 6.95
(3) 8.04 (4) 5.78

2. राजस्थान में गेहूँ एवं दलहन पर राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन प्रारंभ किया गया था–
(1) वर्ष 2006-07 में (2) वर्ष 2007-08 में
(3) वर्ष 2009-10 में (4) वर्ष 2015-16 में

3. पशुगणना-2019 के अनुसार राजस्थान में देश के कुल पशुधन का _________ भाग उपलब्ध है।
(1) 7.23% (2) 12.47%
(3) 10.60% (4) 14.00%

4. राजस्थान के सकल राज्य मूल्यवर्धन में प्रचलित कीमतों पर वर्ष 2019-20 में कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र का योगदान था–
(1) 25.56% (2) 32.53%
(3) 28.36% (4) 29.28%

5. रबी के मौसम में राजस्थान की प्रमुख खाद्यान्न फसल निम्न में से कौन सी है?
(1) गेहूँ (2) बाजरा
(3) मक्का (4) ज्वार

6. राजस्थान में ऊर्जा मंत्रालय के अनुसार सौर ऊर्जा से बिजली की क्षमता है
(1) 182 GW (2) 190 GW
(3) 142 GW (4) 153 GW

7. राजस्थान में वर्ष 2018-19 में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सड़कों का निर्माण किया गया
(1) 2581 किलोमीटर बी.टी. (2) 2892 किलोमीटर बी.टी.
(3) 3101 किलोमीटर बी.टी. (4) 2993 किलोमीटर बी.टी.

8. 'स्मार्ट विलेज' योजना प्रारंभ की गई थी
(1) वर्ष 2017-18 में (2) वर्ष 2016-17 में
(3) वर्ष 2018-19 में (4) वर्ष 2015-16 में

9. मुख्यमंत्री निःशुल्क दवा योजना की शुरुआत हुई–
(1) 2 अक्टूबर, 2011 (2) 2 अक्टूबर, 2012
(3) 2 अक्टूबर, 2013 (4) 2 अक्टूबर, 2014

10. राजस्थान में आशा को आशा सहयोगिनी कहा जाता है क्योंकि वह इसके बीच में संयुक्त कार्य करती है
(1) चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग और महिला और बाल विकास विभाग
(2) चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग और शिक्षा विभाग
(3) परिवहन विभाग और पर्यटन विभाग
(4) मनोरंजन विभाग और योगा विभाग

11. समग्र शिक्षा अभियान के लक्ष्य हैं–
(1) स्कूल शिक्षा में सामाजिक और लैंगिक अंतराल को पाटना
(2) शिक्षा में व्यावसायिकता को बढ़ावा देना
(3) शिक्षा में गुणवत्ता प्रावधान
(4) ये सभी

12. निम्नलिखित कौन-सी योजना है, जो महिला सशक्तीकरण से संबद्ध नहीं है?
(1) मिशन ग्राम्य शक्ति (2) धनलक्ष्मी महिला समृद्धि केंद्र
(3) चिराली योजना (4) पालनहार योजना

13. राजस्थान में निम्नलिखित कौन से चार शहरों को स्मार्ट शहरों के रूप में विकसित करने के लिये सूचीबद्ध किया गया था?
(1) जयपुर, उदयपुर, कोटा और अजमेर
(2) बाड़मेर, भीलवाड़ा, सीकर और झुंझुनूं
(3) अलवर, बूंदी, बीकानेर और धौलपुर
(4) टोंक, सिरोही, नागौर और पाली

14. बाड़मेर ब्लॉक मुद्रित कपड़े का एक और नाम क्या है?
(1) टोकरी बुनाई (2) अजरक
(3) छींट (4) शेवरॉन

**15. इंदिरा रसोई का शुभारंभ किया गया–**
(1) 20 अगस्त, 2020 (2) 20 जुलाई, 2020
(3) 20 मार्च, 2020 (4) 20 जनवरी, 2020

16. राजस्थान के निम्न ज़िलों को पूर्व से पश्चिम दिशा अनुसार सुव्यवस्थित कीजिये। नीचे दिये हुए कोड का प्रयोग करें:
अ. करौली ब. अजमेर
स. जोधपुर द. सवाई माधोपुर
(1) ब, अ, द, स (2) अ, द, ब, स
(3) स, अ, ब, द (4) अ, ब, स, द

17. "सांझा अभियान बाल विवाह मुक्त राजस्थान" के संदर्भ में कौन-सा कथन सही नहीं है?
(1) इसका लक्ष्य बाल विवाह के मुद्दों पर जनता में जागरूकता उत्पन्न करने का है।
(2) बाल विवाह के खिलाफ संदेशों के नुक्कड़ नाटक, अभियान गीत के माध्यम से अवगत कराता है।
(3) राज्य की रणनीति और कार्ययोजना अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष की सहायता से लागू की गई।
(4) बाल विवाह के खिलाफ प्रचार अभियान रथ के माध्यम से दौसा, जयपुर की ग्राम पंचायतों में किया गया है।

# सॉल्व्ड पेपर

## शीघ्रलिपिक (Stenographer) संयुक्त सीधी भर्ती परीक्षा-2018

**(परीक्षा तिथि: 21 मार्च, 2021)**

**समय: 3:00 घंटे**

**कुल प्रश्न: 150**
**अधिकतम अंक: 100**

**1. नवंबर, 2020 में राजस्थान के मुख्यमंत्री ने अपनी तरह के पहले 'अंग दान स्मारक' का वर्चुअली उद्घाटन यहाँ पर किया:**

(a) जोधपुर (b) जयपुर
(c) जैसलमेर (d) कोटा

2. राजेंद्र कुमार भंडारी, जो हाल ही में चर्चा में थे, किस पुरस्कार के विजेता हैं?

(a) सुभाषचंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार, 2021
(b) पद्म पुरस्कार, 2021
(c) परमवीर चक्र
(d) अशोक चक्र, 2021

**3. 'एक्सरसाइज डेज़र्ट नाइट 21' (भारत और फ्राँस के मध्य हवाई सैन्य अभ्यास) का आयोजन जनवरी, 2021 में किस स्थान पर हुआ था?**

(a) अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह
(b) गोवा
(c) जोधपुर
(d) मुंबई

**4. किस संस्थान ने 'इंडिया इनोवेशन इंडेक्स' का द्वितीय संस्करण जारी किया?**

(a) NITI आयोग (b) CSIR
(c) RBI (d) ISRO

5. जनवरी, 2021 में संपन्न WHO की कार्यकारी बोर्ड की अध्यक्षता किस देश ने की?

(a) भारत (b) चीन
(c) रूस (d) अमेरिका

**6. 1 जनवरी, 2021 को किस संस्था ने अपना 63वाँ स्थापना दिवस मनाया?**

(a) ISRO (b) DRDO
(c) SBI (d) BSNL

7. 'IUC' का पूर्ण रूप क्या है, जो हाल ही में चर्चा में था?

(a) International Usage Charges
(b) Intermediate Usage Charges
(c) Interconnect Usage Charges
(d) Interconnect Utility Charges

**8. वर्तमान केंद्रीय बजट में घोषित 'MITRA' योजना किस क्षेत्र से संबंधित है?**

(a) कृषि (b) वस्त्र
(c) MSME (d) बैंकिंग

**9. भारत के वर्तमान नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक कौन हैं?**

(a) सुनील अरोड़ा (b) शक्तिकांत दास
(c) गिरीश सी.मुर्मू (d) इनमें से कोई नहीं

10. "राफेल फाइटर जेट" जिसने 26 जनवरी, 2021 की गणतंत्र दिवस (फ्लाय-पास्ट) में हिस्सा लिया वह किस देश से भारत ने खरीदा है?

(a) फ्राँस (b) अमेरिका
(c) यू.के. (d) इज़राइल

**11. भारत के अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का 51वाँ संस्करण 16-24 जनवरी, 2021 को कहाँ पर आयोजित हुआ?**

(a) जयपुर (b) गोवा
(c) मुंबई (d) नई दिल्ली

12. कोविड-19 संक्रमण से बचाव के टीके (Covaxin तथा Covishield) को इस तापमान पर रखा जाना चाहिये-

(a) 17-22ºC (b) 8-13ºC
(c) 2-8ºC (d) इनमें से कोई नहीं

13. 'NEPA' उद्योग इसके लिये प्रख्यात है-

(a) प्लास्टिक उद्योग (b) चीनी उद्योग
(c) इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग (d) अखबारी कागज़ उद्योग

14. किस शैल में सिलिका का प्रतिशत 55 से 65% होता है?

(a) मूल आग्नेय शैल (b) मध्यसिलिक शैल
(c) अधिसिलिक शैल (d) अत्यल्पसिलिक शैल

15. इनमें से कौन हिमालय नदी प्रणाली का हिस्सा नहीं है?

(a) सिंधु (b) गंगा
(c) ब्रह्मपुत्र (d) गोदावरी

16. "गांधी सागर वन्यजीव अभयारण्य" कहाँ पर स्थित है?

(a) बिहार (b) राजस्थान
(c) मध्य प्रदेश (d) गुजरात

17. इनमें से कौन-सी भारत की खरीफ फसल है?

(a) गेहूँ (b) बाजरा
(c) चना (d) जौ

# मॉडल पेपर

## पटवार सीधी भर्ती परीक्षा-2019

### सामान्य अध्ययन प्रश्नपत्र (संभावित परीक्षा तिथि: अप्रैल-मई, 2021)

**समय: 3:00 घंटे** | **कुल प्रश्न: 150**
**ऋणात्मक अंकन: 1/3** | **अधिकतम अंक: 300**

1. डायनेमो का कार्य है:
   (1) विद्युत ऊर्जा को यांत्रिक ऊर्जा में बदलना
   (2) यांत्रिक ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में बदलना
   (3) रासायनिक ऊर्जा को ध्वनि ऊर्जा में बदलना
   (4) ध्वनि ऊर्जा को यांत्रिक ऊर्जा में बदलना

2. एक भारी नाभिक के दो हल्के नाभिकों में टूटने की प्रक्रिया को क्या कहते हैं?
   (1) द्रव्यमान विघटन (2) नाभिकीय संलयन
   (3) नाभिकीय विखंडन (4) रेडियोएक्टिव विखंडन

3. ठोस कार्बन डाईऑक्साइड को क्या कहते हैं?
   (1) ब्लू आइस (2) शुष्क बर्फ
   (3) सफेद बर्फ (4) भारी जल

4. कच्चे फलों को कृत्रिम रूप से पकाने में उपयोग में लाया जाता है-
   (1) एथीलिन (2) ऐसीटिलीन
   (3) मिथेन (4) ईथर

5. निम्नलिखित में से कौन-सा जड़ का रूप **नहीं** है?
   (1) गाजर (2) मूली
   (3) शलजम (4) अदरक

6. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये तथा सूचियों के नीचे दिये गए कूटों की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिये:

| **सूची-I (विटामिन)** | **सूची-II (रासायनिक नाम)** |
|---|---|
| A. विटामिन $B_1$ | (i) कैल्सिफेरॉल |
| B. विटामिन $B_{12}$ | (ii) टोकोफेरॉल |
| C. विटामिन D | (iii) साएनोकोबालामिन |
| D. विटामिन E | (iv) थायमिन |

**कूट:**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |
| (2) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (3) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (4) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |

7. मौर्यकाल में नगर प्रशासन का प्रमुख कौन होता था?
   (1) नागरिक (2) नागरक
   (3) प्रदेष्टा (4) गोप

8. हड़प्पा सभ्यता का वह स्थल, जो तीन भागों में विभाजित है और जहाँ मध्यम नगर पाया गया है-
   (1) कालीबंगा (2) राखीगढ़ी
   (3) धौलावीरा (4) चन्हूदड़ो

9. पानीपत का तृतीय युद्ध किसके बीच हुआ था?
   (1) मुगल बादशाह मुहम्मद शाह और नादिर शाह
   (2) मराठों और अहमदशाह अब्दाली के बीच
   (3) शाह आलम द्वितीय और मीर ज़ाफर के बीच
   (4) बाबर और महाराणा सांगा के बीच

10. भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को फाँसी कब दी गई?
    (1) 29 अप्रैल, 1929 (2) 23 मार्च, 1931
    (3) 23 मार्च, 1929 (4) 1 मार्च, 1931

11. दिल्ली सल्तनत का प्रथम शासक, जिसने ब्राह्मणों पर भी जजिया कर लगा दिया-
    (1) बलबन (2) अलाउद्दीन खिलजी
    (3) फिरोज़शाह तुगलक (4) सिकंदर लोदी

12. मुगल बादशाह अकबर ने सभी धर्मों में सामंजस्य स्थापित करने के उद्देश्य से 'दीन-ए-इलाही' की स्थापना कब की?
    (1) 1580 ई. में (2) 1579 ई. में
    (3) 1582 ई. में (4) 1585 ई. में

13. अंडमान एवं निकोबार की राजधानी 'पोर्टब्लेयर' स्थित है-
    (1) उत्तरी अंडमान द्वीप पर (2) छोटा निकोबार द्वीप पर
    (3) दक्षिणी अंडमान द्वीप पर (4) पंबन द्वीप पर

14. निम्नलिखित में से कौन-सा सही कथन नहीं है?
    (1) सतमाला, अजंता, बालाघाट और हरिश्चंद्र की पहाड़ियाँ दक्कन ट्रैप का विस्तार हैं।
    (2) आंध्र के पठार के अंतर्गत 'रायलसीमा का पठार' तथा 'तेलंगाना पठार' शामिल किया जाता है।
    (3) सतपुड़ा पर्वत का विस्तार केवल मध्य प्रदेश में ही है।
    (4) डोडाबेट्टा, नीलगिरि पर्वत की सबसे ऊँची चोटी है।

15. मर्खा घाटी भारत के किस राज्य/संघ शासित प्रदेश में स्थित है?
    (1) जम्मू एवं कश्मीर
    (2) हिमाचल प्रदेश
    (3) सिक्किम
    (4) लद्दाख

# मॉडल पेपर

## राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा (REET)-2021

## सामान्य अध्ययन प्रश्नपत्र (संभावित परीक्षा तिथि: 25 अप्रैल, 2021)

समय: 2:30 घंटे

कुल प्रश्न: 150
अधिकतम अंक: 150

### खंड-I

### बाल विकास एवं शिक्षा शास्त्र

**इस खंड में कुल 30 प्रश्न हैं।**

**सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।**

1. व्यक्तियों में एक-दूसरे से विभिन्नता क्यों पाई जाती है?
   (A) वातावरण के प्रभाव के कारण
   (B) माता-पिता से जीनों का भिन्न समुच्चय प्राप्त होने के कारण
   (C) जन्मजात विशेषताओं के कारण
   (D) वंशानुक्रम और वातावरण के बीच अन्योन्यक्रिया के कारण
2. बुद्धि के 'द्विकारक सिद्धांत' का प्रतिपादन किसने किया?
   (A) जॉनसन बिने (B) टरमन
   (C) चार्ल्स स्पीयरमैन (D) थार्नडाइक
3. सतत् व्यापक मूल्यांकन दर्शाता है:
   (A) सहशैक्षिक गतिविधि
   (B) शैक्षिक क्षेत्र का मूल्यांकन
   (C) शैक्षिक एवं सहशैक्षिक क्षेत्र
   (D) संकल्पनात्मक परीक्षण
4. सामाजिक अधिगम सिद्धांत के प्रतिपादक हैं:
   (A) गेसेल (B) बंडूरा और वाटसन
   (C) यूरी ब्रानफेनब्रेनर (D) थार्नडाइक
5. बाल विकास के किस चरण में विपरीत लिंग की ओर अधिकतम आकर्षण दिखता है?
   (A) शैशवावस्था (B) वयस्क अवस्था
   (C) किशोरावस्था (D) बाल्यावस्था
6. "किशोरावस्था बहुत दबाव, तनाव, तूफान तथा संघर्ष की अवस्था है।" किसका कथन है?
   (A) स्टैनले हाल (B) फ्रायड
   (C) हरलॉक (D) स्पीयरमैन
7. बाल विकास की कौन-सी अवस्था में ओडीपस और इलेक्ट्रा जटिलता शुरू होती है:
   (A) शैशवावस्था (B) बाल्यावस्था
   (C) किशोरावस्था (D) वयस्क अवस्था
8. मानव व्यक्तित्व परिणाम है:
   (A) पालन-पोषण और समाज का
   (B) केवल वातावरण का
   (C) केवल आनुवंशिकता का
   (D) आनुवंशिकता और वातावरण की अंतक्रिया का
9. पियाजे के अनुसार, संज्ञात्मक विकास के किस चरण में बच्चा 'वस्तु स्थायित्व' को प्रदर्शित करता है?
   (A) संवेदीप्रेरक चरण (B) पूर्व-संक्रियात्मक चरण
   (C) मूर्त संक्रियात्मक चरण (D) औपचारिक संक्रियात्मक चरण
10. बाल केंद्रित शिक्षा में शामिल है:
    (A) बच्चों के लिये हस्तपरक गतिविधियाँ
    (B) वे गतिविधियाँ, जिनमें खेल शामिल नहीं होते
    (C) बच्चों का एक कोने में बैठना
    (D) प्रतिबंधित परिवेश में अधिगम
11. कोहलबर्ग ने प्रस्तुत किये हैं-
    (A) शारीरिक विकास के चरण (B) संवेगाात्मक विकास के चरण
    (C) नैतिक विकास के चरण (D) संज्ञानात्मक विकास के चरण
12. विद्यालय में शिक्षा की गुणवत्ता का सबसे महत्त्वपूर्ण संकेतक है:
    (A) स्कूल के बुनियादी ढाँचागत सुविधाएँ
    (B) कक्षा प्रणाली
    (C) पाठ-किताबें और शिक्षण सामग्री
    (D) छात्र उपलब्धि स्तर
13. सीखने के 'प्रयास एवं भूल का सिद्धांत' का संबंध है-
    (A) थार्नडाइक से (B) आई.पी. पॉवलाव
    (C) बी.एफ. स्कीनर (D) जीन पियाजे
14. निम्नलिखित संरचनाओं में से शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 किसकी वकालत करता है?
    (A) एकीकृत शिक्षा (B) समावेशी शिक्षा
    (C) पृथ्थक्करण (D) मुख्यधारा शिक्षा
15. 'डिस्लेक्सिया' मुख्य रूप से किस समस्या से संबंधित है?
    (A) बोलने (B) पढ़ने
    (C) सुनने (D) सुनने और बोलने
16. किंडर गार्टन प्रणाली के बहुत से गुण हैं, परंतु इस प्रणाली में सबसे महत्त्वपूर्ण है?
    (A) निरीक्षण द्वारा सीखना (B) अंतर्दृष्टि द्वारा सीखना
    (C) समीपता द्वारा सीखना (D) खेल एवं करके सीखना
17. शिक्षक को बच्चों को अपने अध्ययन में प्रयास करने हेतु क्या करना चाहिये?
    (A) अन्य बच्चों के साथ तुलना
    (B) बच्चों को डाँटना
    (C) बच्चों को प्रेरित करना
    (D) बच्चों को नियंत्रण में रखना

